छत्तीसगढ़ शासन
वन विभाग
"मंत्रालय"
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक एफ 5–18/2020/10–2 नवा रायपुर, दिनांक 21 /09/2020

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
छ.ग. अरण्य भवन
सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक
नवा रायपुर, अटल नगर

विषय :– Diversion of Forest land for non-purpose under Forest Conservation act, 1980 Proposed for Chhotedongar Iron Ore Mine M/s Bajrang Power & Ispat Ltd. Have been granted with Mining lease for Iron over an Area-66.20 ha. regarding.

संदर्भ :– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) का पत्र क्र./भू–प्रबंध/खनिज /331–230/1574 दिनांक 27.08.2020।

––00––

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से प्रेषित प्रस्ताव के परीक्षण में निम्न बिंदुओं पर त्रुटियां परिलक्षित हो रही है :–

1. प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 166 में भाग–4 में प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा सशर्त अनुमोदन दिया गया है। जिसमें निम्नानुसार शर्त क्र. 4 अधिरोपित है :–

"वन्यप्राणी हाथी के प्रबंधन हेतु उपयुक्त वन्यप्राणी संरक्षण योजना तैयार की जाए जिसके प्रावधानों का क्रियान्वयन आवदेक संस्थान के व्यय पर किए जाए।"

संदर्भित पत्र में चेक लिस्ट के बिंदु क्र. 42 में निम्नानुसार लेख किया गया है कि :–

"वनमण्डलाधिकारी, नारायणपुर वनमण्डल द्वारा अपने पत्र दिनांक 01.02.2017 से व्यपर्वतन हेतु प्रस्तावित वन्यप्राणी परियोजना तैयार किया जाकर, मुख्य वन संरक्षक, कांकेर, वृत्त कांकेर को प्रेषित किया गया है।"

प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा उपरोक्त अधिरोपित शर्त क्र.4 के पालन में वनमण्डलाधिकारी द्वारा (चेक लिस्ट के बिंदु क्र. 42 में लेख अनुसार) मुख्य वन संरक्षण कांकेर को प्रस्तुत वन्यप्राणी परियोजना का प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) से अनुमोदन की नियमानुसार अद्यतन स्थिति प्रेषित करें।

2. प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 166 में प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा प्रदायित अनुशंसा भाग–4 में उल्लेखित समस्त शर्तों के क्रियान्वयन हेतु आवेदक संस्थान का वचन पत्र प्रस्ताव में उपलब्ध नही कराया गया है। कृपया उक्त वचन पत्र आवेदक संस्थान से प्राप्त कर प्रेषित करें।

2/– कृपया उपरोक्त जानकारी/दस्तावेज प्रेषित करने का कष्ट करें, जिसके पश्चात् प्रकरण मे आगामी कार्यवाही की जा सकेगी।

21-9-20
(के.पी. राजपूत)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग

क्रमशः 2

पृ.क्रमांक एफ 5–18 / 2020 / 10–2 नवा रायपुर, दिनांक 21 / 09 / 2020

प्रतिलिपि :–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।
2. मुख्य वन संरक्षक, कांकेर, वृत्त कांकेर, छत्तीसगढ.।
3. वनमण्डलधिकारी, नारायणपुर, वनमण्डल नारायणपुर, छत्तीसगढ।
4. आवेदनकर्ता, मेसर्स बजरंग पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड, ग्राम बोरझरा, उरलाक–गुमा रोड़, रायपुर, छत्तीसगढ़।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

अवर सचिव 21.9.2020
छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग